प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जयपुर में पीकेसी–ईआरसीपी का शिलान्यास करेंगे–प्रदेशवासियों को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–स्वस्थ रहने के लिए योग और व्यायाम बहुत जरूरी।

- 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है।

- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर चलने से जनजीवन प्रभावित।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जयपुर के पास दादिया गांव में पार्वती–कालीसिंध–चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना–पीकेसी–ईआरसीपी का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर हुए जयपुर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। इस दौरान श्री मोदी प्रदेशवासियों को एक लाख करोड रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही राज्य के जनता में उत्साह देखा जा रहा है।

............

हमारे जयपुर संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि स्वस्थ रहने के लिए योग और व्यायाम बहुत जरूरी है। आज सुबह जयपुर के सेंट्रल पार्क में श्री शर्मा ने मॉर्निंग वॉक की। इस दौरान उनके साथ जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री शर्मा ने कहा कि सभी लोगों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए।

............

राज्य सरकार ने भरतपुर और बीकानेर में विकास प्राधिकरण के गठन की अधिसूचना जारी की है। यह फैसला शहरी विकास और आवासन विभाग लिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भरतपुर और बीकानेर प्रमुख शहरों के रूप में उभर रहे हैं, जिससे इन शहरों में आबादी का दबाव बढ़ा है। इन नगरीय क्षेत्रों में प्राधिकरणों का गठन होने से यहां विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। बीकानेर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास बीकानेर के वर्तमान क्षेत्र के अलावा नापासर और देशनोक तथा आस–पास के 185 गांव शामिल किए जाएंगे। वहीं, भरतपुर विकास प्राधिकरण में नगर विकास न्यास भरतपुर के वर्तमान क्षेत्र के साथ–साथ 209 गांव शामिल किए जाएंगे। ये अधिसूचनाएं भरतपुर विकास प्राधिकरण अध्यादेश–2024 और बीकानेर विकास प्राधिकरण अध्यादेश–2024 के तहत जारी की गई हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि वहां प्राधिकरण गठित होने से विकास को और गति मिलने की संभावना है।

............

राज्य में अंगदान और प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जयपुर में पहली बार एयर एम्बुलेंस के जरिए अंगों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाकर सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण

किया गया। इस प्रक्रिया में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती 33 वर्षीय व्यक्ति के परिवार ने उसके अंगों को दान करने का फैसला किया। इसके बाद, उसकी दोनों किडनी, लिवर, हार्ट, लंग्स और दोनों कॉर्निया को दान किया गया। इस प्रत्यारोपण में एक ही ब्रेन डेड व्यक्ति के अधिकतम 8 अंगों का प्रत्यारोपण किया गया, जो राजस्थान में पहली बार हुआ है। इसके अलावा, एक ही व्यक्ति के लंग्स और हृदय का प्रत्यारोपण एक ही रोगी को किया गया। ये भी पहली बार हुआ है।

000

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। 1971 में इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान एक अलग देश बांग्लादेश बना।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजय दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली के आर्मी हाउस में एक कार्यक्रम में भागीदारी की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी उपस्थित थे।

विजय दिवस पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहीद सैनिकों को नमन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजय दिवस को भारतीय सशस्त्र सेनाओं की अतुलनीय वीरता, अदम्य साहस, अटल संकल्प और राष्ट्र के प्रति अविचल निष्ठा का अमिट अध्याय बताया। बाडमेर में एक कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

000

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का असर जारी है। तापमान में और गिरावट आने और कई स्थानों पर शीतलहर चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमारी हनुमानगढ संवाददाता ने बताया कि वहां पड़ रही कडाके की ठंड और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

............

मौसम विभाग ने आगामी चार दिन तेज सर्दी पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने इस सीजन में शीतलहर चलने का पहला ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 20 दिसम्बर तक तेज सर्दी से राहत नहीं मिलने की आशंका है।

000

जयपुर के एक निजी कोचिंग संस्थान में कल देर शाम गैस रिसाव होने से 12 से अधिक छात्र बेहोश हो गए। घटना महेश नगर थाना इलाके में हुई। छात्रों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत में अब सुधार है। प्रारम्भिक जांच में पता चला है कि गैस रिसाव के कारण छात्रों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिससे वे बेहोश हो गए। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि निजी संगठन के परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

000